श्री बिद्युत बिहारी स्वैन

श्री बिद्युत बी. स्वैन भारतीय प्रशासनिक सेवा के गुजरात कैडर के 1988 बैच के अधिकारी हैं।

श्री स्वैन ने वर्ष 1989 और 2018 के बीच गुजरात में जिला और राज्य स्तर पर विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दीं। इनमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी, गुजरात आधारभूत सरंचना विकास बोर्ड; सचिव, प्राथमिक शिक्षा; उद्योग आयुक्त; उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, गुजरात औद्योगिक विकास निगम और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, गुजरात राज्य आदि महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यभार सम्मिलित रहे।

आपने वर्ष 2018 में भारत सरकार में वाणिज्य विभाग के अपर सचिव के तौर पर कार्यभार ग्रहण किया जहां प्रभारी, विशेष आर्थिक क्षेत्र, सीआईएस देशों के साथ भारत की व्यापार वार्ता और निर्यात बीमा के कार्य में योगदान दिया। साथ ही साथ, किम्बरली प्रोटोकॉल के अध्यक्ष और विश्व एक्सपो - दुबई में भारत के महाआयुक्त जैसे विभिन्न पदों पर कार्य किया। वर्ष 2020 में वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव के पद पर प्रोन्नति होने पर उन्होंने व्यापार नीति प्रभाग, सीआईएस और ओशिनिया प्रभागों संबंधी दायित्वों के साथ महानिदेशक, व्यापार उपचार का अतिरिक्त प्रभार भी निर्वहन किया।

जनवरी, 2021 में उनकी तैनाती भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में सचिव के रूप में हुई, जहां उन्होंने मई, 2023 तक कार्य किया।

इन्होंने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री और द इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल स्टडीज़, हेग, नीदरलैंड्स से लोक नीति एंव प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है।

वह ऑटोग्राफ वाली पुस्तकों और समसामयिक भारतीय कला के संग्रहकर्ता हैं।